डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

## // कार्यालय–ज्ञाप //

परीक्षा समिति की दिनाँक 19.06.2024 को आहूत 18वीं बैठक द्वारा निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–3/18 में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु ईयर बैक की व्यवस्था में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गयाः–

विश्वविद्यालय में Diploma/UG एवं PG Degree कार्यक्रम के सभी विद्यार्थी विषम अधिसत्र (Odd Semester) से सम अधिसत्र (Even Semester) में स्वतः Promote कर दिये जायेंगे जबकि किसी एकेडमिक वर्ष से दूसरे एकेडमिक वर्ष में विद्यार्थियों का प्रमोशन तभी होगा जब वे उस एकेडमिक वर्ष के विषम अधिसत्र (Odd Semester) एवं सम अधिसत्र (Even Semester) के संयुक्त क्रेडिट कोर्सेस/पेपर्स के संख्या का 50% कोर्सेज को पास कर लिया हो। यदि संयुक्त कोर्सेज का योग विषम संख्या आती है तो इसके 50% की गणना कर Upper round off संख्या प्रमोशन हेतु मान्य होगी।
**उदाहरणार्थ :–** यदि किसी प्रोग्राम के प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में 4 कोर्स हैं एवं द्वितीय सेमेस्टर में 5 कोर्स है तो प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर के कोर्सेज की कुल संख्या 9 (विषम संख्या) है जिसका 50% अर्थात् 4.5 Upper round off करते हुए विद्यार्थी को 5 कोर्सेज/पेपर्स में पास होना प्रमोशन हेतु अनिवार्य होगा।

उपरोक्तानुसार प्रमोशन की श्रेणी में न आने वाले विद्यार्थी ईयर बैक की श्रेणी में आयेंगे। ईयर बैक किये गये विद्यार्थियों को निःशुल्क छात्रावास सुविधा एवं शुल्क सम्बन्धी छूट के सम्बन्ध में छात्रावास पालिसी का प्राविधान लागू होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त उपरोक्तानुसार प्रमोशन की श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों को ही बैक पेपर की सुविधा प्रदान की जायेगी। बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में एक शैक्षिक सत्र पूर्ण होने के उपरांत सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा की सामान्य परीक्षा के उपरांत परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् सम–विषम अधिसत्र हेतु बैक पेपर परीक्षा एक साथ माह जुलाई–अगस्त में कराये जाने तथा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के यू0जी0/पी0जी0 रेग्यूलेशन– 2024 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार इम्प्रूमेण्ट की सुविधा अनुमन्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। यह व्यवस्था शैक्षणिक सत्र–2024–25 से प्रभावी होगी।

उपरोक्तानुसार परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः–COE-265/COE-31(III)/परीक्षा समिति/DSMNRU/2024–25 दिनांकः–06 अगस्त, 2025

**प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
7. गार्ड फाइल।

06/08/25
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक